(७) जैतपुर सहकारी खेती समिति लि०, गांव जैतपुर (महरौली ब्लाक) ।

**दिल्ली में नाली व्यवस्था**

११४०. श्री **नवल प्रभाकर** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के लिंक रोड में पानी की निकासी के लिये नालियां नहीं छोड़ी गई हैं जिसके कारण निकटवर्ती बस्तियों में बरसात में पानी भर जाता है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके निरीक्षण के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) और (ख). निगम क्षेत्र में दो लिंक रोड हैं, एक पंचकुइयां रोड से करोलबाग जाने वाली और दूसरी लोदी रोड को रिंग रोड से मिलाने वाली । इन दो लिंक रोडों पर नालियों की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती ।

**Covering of Tiruvannamalai Railway Station Platform**

1141. **Shri Dharmalingam:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether there is a proposal to put a covering top to the platform of Tiruvannamalai Railway Station;

(b) if so, when the work is likely to be taken;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) whether Government are aware of the absolute necessity of a covering top at the platform since it is an important pilgrim Centre?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Shahnawaz Khan):** (a) Yes.

(b) and (c). It is not possible to indicate at present, as it will depend on availability of funds and steel.

(d) Covering over platform is a desirable amenity which is being provided on a programmed basis within the funds available.

**रेल दुर्घटना के लिये उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही**

११४२. **श्री बिशनचन्द्र सेठ** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में रेलवे में जो अधिक दुर्घटनायें हुई, उनकी सरकारी जांच के उपरान्त यह सिद्ध हुआ कि रेलवे अधिकारियों की लापरवाही से ही अधिकांश दुर्घटनायें हुई थीं ; और

(ख) यदि हां, तो उन रेलवे कर्मचारियों अथवा अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**रेलवे मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री शाह नवाज खां)** : (क) रेल दुर्घटनाओं की जांच से पता चला है कि बहुत सी दुर्घटनायें कर्मचारियों की ग़लती से हुई ।

(ख) दोषी कर्मचारियों पर अनुशासन की समुचित कार्यवाही की जाती है । उन्हें नौकरी से हटाये जाने से लेकर निन्दित करने तक का दण्ड दिया जाता है । दण्ड निर्धारित करते समय अन्य प्रासंगिक बातों के साथ इस बात का ध्यान रखा जाता है कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और किस प्रकार की थी, दुर्घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारी की सेवा का रिकार्ड कैसा है और उसने कितने साल की नौकरी की है ।

**Libraries in Hospitals in Kerala**

1143. { **Shri A. K. Gopalan:**
**Shri Umanath:**

Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Kerala Grandhasala Sangam had at any time represented to the Central